# University in News on 30 September 2021

## HINDUSTAN PAGE 9

# स्नातक में च्वाइस फिलिंग के नतीजे घोषित

**लखनऊ विवि**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के सत्र 2021-22 में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन काउंसलिंग में अभ्यर्थियों द्वारा की गई च्वाइस फिलिंग के नतीजे अभ्यर्थी के लॉग-इन पर उपलब्ध करा दिए गए हैं।

जिन विषयों के नतीजे आए हैं, उनमें बीजेएमसी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएलएड, एलएलबी फाइव ईयर, बीसीए, बीबीए, बीएफए/बीवीए, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स शामिल हैं। बता दें कि अभ्यर्थी अपनी लॉग-इन आईडी का प्रयोग करके एलॉटमेंट लेटर डाउनलोड कर लें व ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन फीस दो अक्टूबर तक अवश्य जमा कर दें। यदि कोई अभ्यर्थी अपग्रेडेशन चाहता है तो सीट कन्फर्मेशन जमा करने के साथ ही अपग्रेड का अवश्य चयन करें।

### पीजीईटी के नतीजे वेबसाइट पर अपलोड

लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2021-22 की पीजीईटी- 2021 प्रवेश परीक्षाओं के नतीजे घोषित किए जा चुके हैं। कई विषयों में चयनित अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouni.ac.in के एडमिशन पेज के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के अंतर्गत अपलोड कर दी गई है। बुधवार को जिन विषयों की मेरिट जारी हुई है उनमें एआईएच, फिलॉसफी, सीसीजेए, डिफेंस स्टडीज, ज्योतिर्विज्ञान, एमए/एमएससी-योग शामिल हैं।

### काउंसलिंग की समय सीमा बढ़ाने की मांग

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद-एलयू इकाई ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मिलकर स्नातक दाखिलों की काउंसलिंग की तारीख बढ़ाने की मांग की है। इकाई के सहमंत्री अमन दुबे ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग 26 से 28 तक तय थी, उनमें से कई ऑनलाइन व्यवस्थाओं में तकनीकी कमी के कारण काउंसलिंग नहीं कर पाए हैं। हेल्पलाइन नंबरों से भी सहायता नहीं मिली।

# एलयू: तीन शिक्षकों को मिलेगा एक्लेम अवॉर्ड

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने वार्षिक एक्लेम अवॉर्ड और उद्दीपन पुरस्कार घोषित कर दिए हैं। एक्लेम अवॉर्ड में तीन शिक्षक चुने गए हैं वहीं उद्दीपन अवॉर्ड में 37 शिक्षकों के आवेदनों में से 30 को पुरस्कार के लिए चुना है। चयन का आधार प्रकाशित शोधपत्र हैं।

एक्लेम पुरस्कार प्रो. अलका पांडेय, प्रो. मुकुल श्रीवास्तव, प्रो. सरजीत सेनशर्मा को दिया जाएगा। एक्लेम अवॉर्ड में शिक्षकों को पांच-पांच हजार का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। उद्दीपन पुरस्कार में प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

उद्दीपन पुरस्कार के लिए 76 शोध छात्रों ने भी आवेदन किया था। इनमें से 66 को पुरस्कार के लिए चुना गया है। आवेदन करने वाले शोध छात्रों के 107 शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। बता दें कि बीते वर्ष कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुरस्कार शुरू किए थे।

## JAGRAN CITY PAGE I

# लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवेश परिणाम घोषित

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की स्नातक के पाठ्यक्रमों की आनलाइन काउंसिल का परिणाम अभ्यर्थी के लागइन पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। बीजेएमसी, बीएससी कृषि, बीएलएड, एलएलबी-पांच वर्षीय, बीसीए, बीबीए, बीएफए, बीवीए, बीकाम-चार वर्षीय व बीकाम आनर्स के अभ्यर्थी अपनी लागइन आईडी ( जो फार्म भरने के समय से उसे प्राप्त है) का प्रयोग करके अपना एलाटमेंट लेटर डाउनलोड कर सकते हैं। दो अक्टूबर तक फीस जमा करनी है। वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय के सत्र 2021-22 की पीजीईटी के प्राचीन भारतीय इतिहास, फिलोस्फी, सीसीजेए, डिफेंस स्टडीज, ज्योतिर्विज्ञान व एमए-एमएसी योग विषय की चयन सूची लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देखी जा सकती है।

## PIONEER PAGE 3

# एलयू ने घोषित किये वार्षिक एक्लेम अवॉर्ड व उद्दीपन पुरस्कार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को अपने वार्षिक एक्लेम अवॉर्ड और उद्दीपन पुरस्कार घोषित कर दिए हैं। एक्लेम अवॉर्ड में तीन शिक्षक चुने गए हैं, उद्दीपन अवॉर्ड में आए 37 शिक्षकों के आवेदनों में से 30 को पुरस्कार के लिए चुना गया है। चयन का आधार इन शिक्षकों के प्रकाशित हो चुके शोधपत्र हैं। उद्दीपन पुरस्कार के लिए 76 शोध छात्रों ने भी आवेदन किया था। इनमें से 66 को पुरस्कार के लिए चुना गया है। आवेदन करने वाले शोध छात्रों के 107 शोधपत्र अब तक प्रकाशित हो चुके हैं। बता दें कि बीते वर्ष कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विवि में शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ये पुरस्कार शुरू किए थे। एक्लेम अवॉर्ड में सम्मानित होने वाले शिक्षकों को पांच-पांच हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## TIMES OF INDIA PAGE 2

# Three LU professors declared winners of 'Acclaim Award 2021'

Mohita.Tewari
@timesgroup.com

**Lucknow:** Lucknow University on Wednesday named Prof Mukul Srivastava of Journalism and Mass communication department, Prof Alka Pandey of Hindi and Modern Indian Languages and Prof Sarajeet Sen Sarma of the Geology department as winners of 'Acclaim Award 2021'.

The award is given for academic excellence, including national and international level recognition.

Prof Mukul bagged the award for being conferred the national award for his book 'Human Rights and Media' awarded by the National Human Rights Commission, a state-level award by UP Hindi Sansthan 2021, Yayavari ki Kahaniya: Laut kar Batata Hu and recognition from the University of Houston, for his movie 'Seedhi Baat No Bakwas'.

Prof Srivastava has written seven books and translated many, including VS Naipauls' 'An Area of Darkness'.



Prof Mukul Srivastava, Prof Alka Pandey, Prof S Sen Sarma

Prof Sarajeet Sen Sarma of the Geology department, a recipient of the Indian National Science Academy award and fellowship, with more than four dozen research papers published in renowned international journals, also bagged the award.

He is also the editor of Geological Society of London's special publications and of legacy volume "Geodynamic Evolution of India and Adjacent Regions published by the International Union of Geological Sciences. Prof Alka of Hindi department recently bagged two state-level awards, one from UP Bhasha Sansthan and state government's higher education award 'Shikshak Samman' 2021.